आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 08.08.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- उत्तरकाशी जिले के आपदा प्रभावित धराली क्षेत्र में राहत और बचाव अभियान युद्ध स्तर पर जारी। बिजली आपूर्ति और संचार नेटवर्क बहाल।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने धराली में रेस्क्यू अभियान का स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों को जरूरी दिशा–निर्देश दिए।
- राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने धराली और आस–पास के क्षेत्रों में किए जा रहे राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा की।
- अल्मोड़ा नगर निगम में राखी मेले का आयोजन। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने पारंपरिक राखियों की लगाई प्रदर्शनी।

धराली रेस्क्यू

उत्तरकाशी जिले के आपदा प्रभावित धराली क्षेत्र में राहत और बचाव अभियान युद्ध स्तर पर जारी हैं। केंद्र और राज्य सरकार की एजेंसियां प्रभावितों को राहत पहुँचाने और लापता लोगों की खोजबीन के साथ ही बुनियादी सुविधाओं की बहाली के लिए जुटी हुई हैं। अब तक 600 से अधिक यात्रियों को एयर लिफ्ट करते हुए उत्तरकाशी या देहरादून भेजा गया है। अंतिम समाचार मिलने तक आज 260 से अधिक यात्रियों को हर्षिल से मातली भेजा गया। इस बीच, प्रभावित क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है। साथ ही संचार नेटवर्क भी बहाल होने से प्रभावित क्षेत्र के लोगों को राहत मिली है। इसके अलावा अनेक स्थानों पर क्षतिग्रस्त सड़कों को ठीक करने का प्रयास भी युद्धस्तर पर जारी है। वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तीन दिन से उत्तरकाशी में ही प्रवास कर रेस्क्यू अभियान की निगरानी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने आज सुबह जिला मुख्यालय उत्तरकाशी के निकटवर्ती मातली हेलिपैड जाकर रेस्क्यू अभियान को लेकर अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने रेस्क्यू अभियान का जायजा लेने के लिये आज फिर से धराली क्षेत्र का भ्रमण किया और फंसे लोगों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार जल्दी ही क्षेत्र में सभी व्यवस्थाओं को व्यवस्थित करेगी।

एनडीएमए समीक्षा

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के विभागाध्यक्ष व सदस्य सचिव राजेंद्र सिंह ने लगातार दूसरे दिन आज धराली और आस–पास के क्षेत्रों में किए जा रहे राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा की। वर्चुअली समीक्षा के दौरान उन्होंने रेस्क्यू अभियान, सड़क, संचार और बिजली आपूर्ति को बहाल किए जाने की दिशा में राज्य सरकार के स्तर पर किए जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने रेस्क्यू अभियान में आ रही चुनौतियों के बारे में भी जानकारी ली और केंद्रीय स्तर पर विभिन्न एजेंसियों के अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाते हुए त्वरित गति से राहत और बचाव कार्य संचालित करने के निर्देश दिए। श्री सिंह ने कहा कि धराली में राहत और बचाव कार्यों के लिए डोजर, ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार के साथ ही अन्य सभी आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इन्हें एयरलिफ्ट कर सभी आवश्यक स्थानों पर वायु सेना के एमआई–17 और चिनूक हेलीकॉप्टर के माध्यम से पहुंचाया जाएगा। इस दौरान उन्होंने धराली में मिलट्री एंड सिविल कमांड पोस्ट के साथ ही इंसिडेंट कमांड पोस्ट को भी जल्द से जल्द सक्रिय करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों को सेक्टर में बांटते हुए सभी राहत व बचाव दलों की प्रत्येक सेक्टर के अनुसार तैनाती सुनिश्चित करने को भी कहा।

## राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने आज मिलिट्री हॉस्पिटल, देहरादून का भ्रमण कर आपदा प्रभावित धराली क्षेत्र में घायल हुए जवानों से भेंट कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने घायल जवानों से घटना से संबंधित अनुभव भी सुने और उनके मनोबल और जज्बे की प्रशंसा की। उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों से जवानों के स्वास्थ्य की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिए कि उन्हें समुचित उपचार सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

## राखी मेला

अल्मोड़ा नगर निगम की ओर से रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाई गई पारंपरिक राखी मेला आयोजित किया गया। दीन दयाल उपाध्याय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने चीड़ की छाल बगेट, एपण, कलावा, जौ, चावल आदि का प्रयोग कर राखियों की प्रदर्शनी लगाई। आजीविका मिशन की प्रबंधक शांता गुरुरानी ने कहा कि निगम द्वारा गठित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से राखी मेला आयोजित किया गया।
स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष नीमा नगरकोटी ने कहा कि उनकी समूह की महिलाओं ने मिलकर पारंपरिक राखियां बनाई हैं। ये राखियां बाजार में भी बेची जा रही हैं।

## रेडक्रॉस राखी

रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में बागेश्वर में रेडक्रॉस सोसायटी की महिलाओं ने अपने हाथों से बनाई गई राखियों को सीमा पर तैनात भारतीय जवानों को भेजा है। सोसायटी की महिला स्वयंसेवियों ने 500 से अधिक राखियां तैयार कर कुमाऊं रेजिमेंट सेंटर रानीखेत के माध्यम से सीमा पर भेजा है। रेडक्रॉस सोसायटी की सदस्य राजेश्वरी ने कहा कि ये राखियां हमारे स्नेह और भावनाओं का प्रतीक हैं।
सहायक सैनिक कल्याण अधिकारी महेश कांडपाल ने कहा कि ये राखियां हमारे जवानों के मनोबल को और मजबूत करेंगी।
रक्षाबंधन के इस अनूठे उपहार ने, न केवल सैनिकों और बहनों के बीच भावनात्मक दूरी को पाटने का काम किया है, बल्कि यह संदेश भी दिया है कि सीमा पर खड़े हर जवान के पीछे पूरा देश उनके साथ खड़ा है।

## राज्यपाल

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से आज राजभवन में उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष हरिहर पटनायक ने मुलाकात की और बैंक का 13वां वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। श्री पटनायक ने वर्ष 2024–25 के दौरान बैंक द्वारा प्रदेश के दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने, स्वयं सहायता समूहों को मजबूत करने, स्वरोजगार बढ़ाने, किसानों को आसान ऋण देने और डिजिटल बैंकिंग सुविधाएं बढ़ाने के लिए किए गए कार्यों की जानकारी दी। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड जैसे पहाड़ी राज्य में ग्रामीण बैंक की भूमिका बहुत अहम है।

## क्विज प्रतियोगिता

आज़ादी का अमृत महोत्सव और उन्यासीवें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आकाशवाणी समाचार देहरादून ने एक क्विज प्रतियोगिता शुरू की है। सबसे पहले सही उत्तर देने वाले श्रोता का नाम अगले दिन के समाचार बुलेटिन में घोषित किया जाएगा। हमारा कल का प्रश्न था– अशोक चक्र में कितनी तीलियाँ हैं ?
सही उत्तर है– 24
हमारे कल के विजेता हैं– टिहरी गढ़वाल के चम्बा कोट मनियार से जितेन्द्र सिंह सजवाण।
आज का प्रश्न है– भारत का राष्ट्रीय ध्वज क्या है? प्रश्न एक बार फिर सुन लें– भारत का राष्ट्रीय ध्वज क्या है?

श्रोता अपने प्रश्न का उत्तर आकाशवाणी की ईमेल आईडी– rnudehradun@gmail.com या व्हाट्सएप नंबर –
97 60 26 80 51 पर भेज सकते हैं।